नवभारत
enavabharat.com
उत्तर प्रदेश Published: June 29, 2022 09:10 PM

# UP ODOP | नवनीत सहगल ने किया ONDC प्लेटफार्म पर 'ओडीओपी मार्ट डाट काम' को आनबोर्ड करने के पायलट फेज का शुभारंभ

Prabhakar Dubey
कंटेन्ट राइटर | नवभारत.कॉम



**लखनऊ:** अपर मुख्य सचिव, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम डा. नवनीत सहगल (Navneet Sehgal) ने कैसरबाग स्थित निर्यात प्रोत्साहन भवन में केन्द्रीय वाणिज्य मंत्रालय के ओपन नेटवर्क फार डिजिटल कामर्स (ONDC) प्लेटफार्म पर 'ओडीओपी मार्ट डाट काम' को आनबोर्ड (Onboard) करने के पायलट फेज का शुभारंभ किया। इसके पश्चात पोर्टल पर पंजीकृत सभी कारीगरों के उत्पाद उन सभी ई-कामर्स साइट और एप पर प्रदर्शित होने लगे ।

इसके पश्चात उन्होंने ओएनडीसी प्लेटफार्म पर योगा मैट का आर्डर भी प्लेस किया। जिसकी डिलीवरी आज ही उनको हो जाएगी। इस अवसर पर डा. सहगल ने कहा कि डिपार्टमेंट फार प्रमोशन आफ इण्डिस्ट्री एण्ड इन्टरनल ट्रेड, वाणिज्य मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में विकसित ओएनडीसी से जुड़ने वाला देश का पहला राज्य होगा। इसके फलस्वरूप ओडीओपी कारीगरों एवं उद्यमियों को ई-कामर्स पोर्टल पर एक वृहद डिजिटल मार्केटिंग ईकोसिस्टम की सुविधा उपलब्ध होगी। इस प्रक्रिया से प्रदेश के ओडीओपी हस्तशिल्पी एवं कारीगर विशेष रूप से लाभान्वित होंगे।

**ओएनडीसी पर लाजिस्टिक सुविधा भी उपलब्ध होगी**

उन्होंने कहा कि कारीगर ओएनडीसी और ओडीओपी मार्ट के माध्यम से अपने उत्पाद अपनी तय कीमत पर खुद ऑनलाइन बेच सकेंगे। इस नेटवर्क पर जुड़ने से देश-विदेश का कोई भी खदीददार ई-कामर्स प्लेटफार्म पर जाकर कोई उत्पाद तलाशेगा तो उसे नेटवर्क से जुड़े पोर्टल पर उपलब्ध होगा। इसके अतिरिक्त ओएनडीसी पर लाजिस्टिक सुविधा भी उपलब्ध होगी। ग्राहक अपने मन पसंद लाजिस्टिक कंपनी से उत्पाद की डिलीवरी ले सकेंगे। इस मौके पर आयुक्त एवं निदेशक उद्योग मनीष चौहान, विशेष सचिव एमएसएमई प्रदीप कुमार सहित ओएनडीसी से जुड़े प्रतिनिधि मौजूद थे।